THE COCA-COLA COMPANY

जीवन के लिए पेय

# सत्यनिष्ठा

## अनिवार्य तत्त्व

### कोका-कोला कंपनी के आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यावसायिक आचार संहिता

यह दस्तावेज कोका-कोला कंपनी और इसके बहु-स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के अस्थायी कर्मियों सहित, आपूर्तिकर्ताओं पर लागू होता है। इस दस्तावेज में "कोका-कोला कंपनी" और "कंपनी" शब्द का प्रयोग, विशेष आपूर्तिकर्ता सबंधों के लिए, जो भी प्रासंगिक हो, कोका-कोला कंपनी या इसकी एक या अधिक सहायक कंपनियों के सन्दर्भ में किया गया है। कोका-कोला कंपनी अपेक्षा करती है कि इसके सभी आपूर्तिकर्ता सभी मामलों में नैतिक रूप से कानून और अधिनियम का अनुपालन करेंगे। यह व्यावसायिक आचार संहिता हमारी कंपनी के साथ व्यापार करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं से हमारी अपेक्षाओं को दर्शाती है। साथ मिलकर काम करने से, सत्यनिष्ठा के साथ सही कार्य करते हुए हम महान सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस संहिता में कोका-कोला कंपनी के आपूर्तिकर्ताओं पर लागू होने वाली सामान्य अपेक्षाएं शामिल हैं। इन्हीं मुद्दों में से कुछ के समाधान के लिए विशिष्ट आपूर्तिकर्ता की संविदाओं में विशेष प्रावधान हो सकते हैं। इस संहिता का अर्थ किसी विशिष्ट संविदा में किसी और अधिक विशिष्ट प्रावधान का अधिक्रमण करना नहीं है और अगर इस संहिता और किसी विशिष्ट संविदा के अन्य प्रावधान में कोई असंगति है तो अन्य प्रावधान प्रबलित होगा।

## हितों का टकराव

कोका-कोला के कर्मचारियों को कंपनी के श्रेष्ठ हितों के लिए काम करना चाहिए। तदनुसार, कर्मचारियों को किसी आपूर्तिकर्ता के साथ वित्तीय या किसी तरह का ऐसा कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहिये, जिसका कर्मचारियों के कंपनी के श्रेष्ठ हितों के लिए काम करने के उनके दायित्त्व से टकराव होता हो या ऐसा लगे कि टकराव हो रहा है। उदहारण के लिए, कंपनी और आपूर्तिकर्ता के बीच किसी लेनदेन के दौरान आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला कंपनी के किसी कर्मचारी को रोजगार नहीं देना चाहिए या अन्यथा कोई भुगतान नहीं करना चाहिए। व्यापार के क्षेत्र से बाहर दोस्ती अपरिहार्य है और स्वीकार्य है, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को ध्यान रखना चाहिए कि किसी व्यक्तिगत सम्बन्ध का उपयोग कोका-कोला कर्मचारियों के व्यापारिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए नहीं किया जाता है। अगर आपूर्तिकर्ता के किसी कर्मचारी का कोका-कोला कंपनी के किसी कर्मचारी से पारिवारिक सम्बन्ध (पति/पत्नी, माता-पिता, बहन-भाई, दादा/दादी, बच्चा, पोता/पोती, सास-ससुर, या उसी या विपरीत लिंग का घरेलू साथी) है, या किसी आपूर्तिकर्ता का कोका-कोला कंपनी के किसी कर्मचारी से कोई अन्य सम्बन्ध है, जिससे हितों का टकराव होता हो, तो आपूर्तिकर्ता को यह तथ्य कोका-कोला कंपनी को बता देना चाहिए या सुनिश्चित करना चाहिए कि कोका-कोला का कर्मचारी ऐसा करता है।



## उपहार, आहार एवं मनोरंजन

कोका-कोला के कर्मचारियों के लिए आपूर्तिकर्ताओं से मामूली उपहारों, आहार और मनोरंजन से अधिक, किसी भी चीज को स्वीकार करने पर प्रतिबन्ध है। सामान्य व्यापारिक आहार और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में छुट्टी के समय मामूली उपहार-बास्केट आदि आमतौर पर ठीक हैं, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला के कर्मचारियों को यात्रा, बार-बार आहार या कीमती उपहार देने के प्रस्तावों से बचना चाहिए। नकद रकम या कैश कार्ड जैसे नकदी के समकक्ष उपहार देने की अनुमति नहीं है! कंपनी को सेवा प्रदान करते समय या अन्यथा कंपनी की तरफ से काम करते समय, कंपनी के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यावसायिक साझेदारों द्वारा उपहारों, आहार या मनोरंजन का प्रस्ताव करने पर, आपूर्तिकर्ता के कर्मचारियों पर भी वही सीमायें लागू होती हैं, जिनका इस भाग में वर्णन किया गया है।

## जानकारी की सुरक्षा

आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला कंपनी की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करनी चाहिए। जिन आपूर्तिकर्ताओं को व्यापारिक संबंधों के भाग के रूप में गोपनीय सूचना तक पहुँच दी गयी है, उन्हें, जब तक कोका-कोला कंपनी द्वारा ऐसा करने के लिए प्राधिकृत न किया गया हो, इस सूचना को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला कंपनी को सेवा प्रदान करने या इसकी तरफ से कार्य करने के दौरान प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर, प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। अगर किसी आपूर्तिकर्ता को लगता है कि कोका-कोला कंपनी या किसी अन्य पार्टी की गोपनीय सूचना तक उसकी पहुँच गलती से हो गयी है, तो आपूर्तिकर्ता को तुरंत कंपनी से सम्पर्क करके इसकी सूचना देनी चाहिए और इस सूचना को आगे साझा करने से बचना चाहिए।

इसी प्रकार, अगर आपूर्तिकर्ता किसी संविदा या कानूनी दायित्त्व के अंतर्गत ऐसी सूचना साझा न करने के लिए बाध्य है तो, आपूर्तिकर्ता को कोका-कोला कंपनी में किसी के साथ ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए, जो किसी दूसरी कंपनी से सम्बंधित है।



## रिश्वतखोरी

कोका-कोला कंपनी की तरफ से काम कर रहे आपूर्तिकर्ताओं को अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम और ब्रिटेन के रिश्वत अधिनियम एवं साथ ही सरकारी अधिकारियों की रिश्वतखोरी से संबंधित सभी स्थानीय कानूनों का अनुपालन करना चाहिए। कोका-कोला कंपनी के एक आपूर्तिकर्ता के रूप में, या अन्यथा जहाँ कोका-कोला कंपनी शामिल है, किसी लेनदेन के सम्बन्ध में, आपूर्तिकर्ता को, कोई अनुचित लाभ या बढ़त प्राप्त करने के लिए, किसी सरकारी अधिकारी या सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनी के किसी कर्मचारी, या राजनितिक दल को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी मूल्यवान वस्तु अंतरित नहीं करनी चाहिए। आपूर्तिकर्ता, कंपनी के कानूनी सलाहकार के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना, जिसे कंपनी में आपूर्तिकर्ता के मूल संविदा/सम्बन्ध प्रबंधक की मार्फत प्राप्त किया जा सकता है, कंपनी की तरफ से (या कंपनी की तरफ से सरकार के साथ बातचीत के दौरान), किसी सरकारी अधिकारी को कोई मूल्यवान वस्तु नहीं दे सकते हैं। कंपनी व्यापारिक रिश्वत पर भी प्रतिबन्ध लगाती है। आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला कंपनी की तरफ से या कोका-कोला कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गयी निधि से किये गए सभी भुगतानों (जिसमें उपहार, आहार, मनोरंजन या कोई कीमती चीज शामिल हैं) का लेखा रखना चाहिए। अनुरोध करने पर आपूर्तिकर्ताओं को कोका-कोला कंपनी को इस लेखा की एक प्रतिलिपि अवश्य प्रदान करनी चाहिए।

## व्यापारिक और वित्तीय रिकॉर्ड

आपूर्तिकर्ता और कोका-कोला कंपनी दोनों को कोका-कोला कंपनी के साथ आपूर्तिकर्ता के व्यवसाय से संबंधित सभी मामलों का सटीक रिकॉर्ड रखना चाहिए। इसमें सभी खर्चों और भुगतानों की उचित रिकॉर्डिंग शामिल है। अगर कोका-कोला कंपनी को किसी आपूर्तिकर्ता के कर्मचारी के समय के लिए भुगतान करना पड़ रहा है, तो समय का रिकॉर्ड पूरा और सटीक होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता को चालान भेजने में देर नहीं करनी चाहिए या अन्यथा किसी खर्च को एक अलग लेखा अवधि में स्थानांतरण के लिए सक्षम नहीं करना चाहिए।



## संभावित कदाचार की रिपोर्ट करना

जिन आपूर्तिकर्ताओं को लगता है कि कोका-कोला कंपनी का कोई कर्मचारी, या कोका-कोला कंपनी की तरफ से काम कर रहा कोई भी व्यक्ति, अवैध या अन्यथा अनुचित आचरण में संलिप्त है, उन्हें इस मामले की रिपोर्ट कंपनी को करनी चाहिए। आपूर्तिकर्ता कर्मचारी के प्रबंधक से या compliance@coca-cola.com पर स्थित कोका-कोला कंपनी के नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से संपर्क कर सकता है, या **www.KOethics.com**, पर उपलब्ध कंपनी की EthicsLine रिपोर्टिंग सेवा का उपयोग कर सकता है, या EthicsLine वेबसाइट पर बिना शुल्क के उपलब्ध पहुँच कोडों का इस्तेमाल करते हुए सूचना दे सकता है। संभावित कदाचार की ईमानदारी से की गयी रिपोर्ट के कारण कोका-कोला कंपनी से किसी आपूर्तिकर्ता के संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**प्रश्न या चिंता?**
EthicsLine पर लॉग ऑन करें **www.KOethics.com**






© 2018 कोका-कोला कंपनी